प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 24.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने सबसे भारी अंतरिक्ष यान एलवीएम 3–एम 6 के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का सफल प्रक्षेपण कियां यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर किया गयां लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद, ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और सफलतापूर्वक अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित हो गयां इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया हैं ब्लू बर्ड ब्लॉक–2 मिशन, उपग्रह के माध्यम से सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट तारामंडल का हिस्सा हैं यह तारामंडल हर किसी के लिए, हर जगह, हर समय 4जी और 5जी वॉयस और वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा को सक्षम करेगां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को सफल प्रक्षेपण पर बधाई दीं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे भारत की प्रक्षेपण क्षमता मजबूत हुई है और वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में भारत की बढ़ती भूमिका को बल मिला हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसरो की इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी हैं

0000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारतः ग्राम जी योजना के तहत केंद्र सरकार का योगदान 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग 95 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया हैं उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण रोजगार के लिए सरकार के निरंतर और मजबूत समर्थन को दर्शाता हैं एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित लेख में श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को मंजूरी दे दी है, जिससे वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया हैं

0000

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आज आयोजित किया गयां कुलाधिपति और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने समारोह में 46 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान कीं साथ ही 65 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दियें समारोह में वर्ष 2024 की 1 लाख 20 हजार से ज्यादा उपाधियां प्रदान की गईं राज्यपाल कल अजमेर के महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगें इस दौरान वे 54 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 40 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगें

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शेखावाटी क्षेत्र के दौरे पर रहेंगें वे चूरू के सालासर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगें इसके बाद उनका सीकर में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास का कार्यक्रम हैं श्री शर्मा इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगें

0000

वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में कल रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जायेगां कौशल, नियोजन और उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित ये महोत्सव

जयपुर के वाणिज्य महाविद्यालय परिसर में होगां विभाग के आयुक्त ऋषभ मंडल ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगें

00000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर चल रहे सांसद खेल महोत्सव कल सम्पन्न होंगें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस अवसर पर खिलाडियों को वर्चुअली संबोधित करने का कार्यक्रम हैं अजमेर में चल रहे इस महोत्सव में 16 विभिन्न विधाओं में ढाई हजार से अधिक खिलाडी भाग ले रहे हैं वहीं पाली के राजकीय बांगड स्टेडियम में भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं हो रही हैं सांसद पीपी चौधरी ने समापन समारोह में लोगों से बडी संख्या में आने और खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन करने का आह्वान किया हैं

....

0000

जयपुर जिले में अगले साल मकर संक्राति पर 14 जनवरी और शीतला अष्टमी पर 11 मार्च का स्थानीय अवकाश रहेगां जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने एक आदेश जारी कर ये अवकाश घोषित कियें

0000